प्रेस नोट दिनांक 25.11.2025

थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

🔰 **थाना मुगलसराय व स्वाट/सर्विलांस पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए साजिश रचने वाले शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**

🔰 **षडयंत्र में सम्मलित मुख्य अभियुक्त सहित कुल 03 अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार।**

पूर्व की घटना-

वादी सिर्धाथ पाल पुत्र स्व० कमलेश पाल निवासी म0न0 - H 374/C रवीनगर थाना मुगलसराय चन्दौली द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 18-11-2025 को समय लगभग रात्रि 10.30 बजे मेरे बडे भाई रोहितास पाल उर्फ रोमी पाल पुत्र स्व0 कमलेश पाल जो प्रतिदिन की भाँति अपने मेडिकल स्टोर जिसका नाम पापुलर मेडिकल स्टोर धर्मशाला रोड जी0टी0 रोड पर है अपनी दुकान बन्द करके घर जाने की तैयारी कर रहे थे कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीछे से उनके सिर पर गोली मार दी गयी जिससे मेरे बडे भाई गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनको इलाज हेतु तुरंत मेरा भतीजा दीपराज पाल पुत्र स्व० प्रकाश पाल व रोशन (दुकान का स्टाप) ने मिलकर आनन्द हास्पिटल ले गये, वहाँ से मेटिस हास्पिटल फिर वहाँ से B.H.U ट्रामा सेन्टर ले गये। B.H.U ट्रामा सेन्ट्र में इलाज के दौरान घायल रोहितास पाल को डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-569/2025 धारा 103(1) बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

श्री पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी, श्री वैभव कृष्ण पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र वाराणसी द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में आदित्य लांग्हे, पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अनन्त चन्द्रशेखर (आई.पी.एस.), अपर पुलिस अधीक्षक सदर व कृष्ण मुरारी शर्मा, क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर के कुशल पर्यवेक्षण व मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय गगनराज सिंह के कुशल नेतृत्व में स्वाट/सर्विलांस टीम व मुगलसराय पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही द्वारा थाना मुगलसराय क्षेत्रान्तर्गत हुए हत्याकांड में प्राप्त साक्ष्यो व गठित पुलिस टीमों द्वारा करीब 300 सीसीटीवी फूटेज देखे गये जिसके आधार पर आज दिनांक 25.11.2025 को समय करीब 1.30 बजे 1. ओम प्रकाश जायसवाल पुत्र स्व0 मानिक चन्द जायसवाल उम्र 65 वर्ष निवासी म0न0 418 लाट न0-02 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली, 2. मनोज कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 विषेश्वर प्रसाद उम्र 60 वर्ष निवासी गल्ला मण्डी

चौराहा मकान 46 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली, 3.भानू जायसवाल पुत्र स्व0 जय नारायण जायसवाल उम्र 65 वर्ष निवासी बाजार जजीद, नदेसर, दीप अपार्टमेंट फ्लैट न0-01 थाना कैण्ट वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। षडयंत्र में अन्य व्यक्तियों की भी गिरफ्तारी की जायेगी एवम् शूटर के लिए कुल 09 टीमें लगायी गयी है जिनकी शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जायेगी। गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय द्वारा अन्य आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।

पूछताछ विवरण-

विवेचनात्मक कार्यवाही में अभियुक्तो से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त भानू जायसवाल द्वारा मृतक रोहितास पाल उर्फ रोमी की थाना मुगलसराय पुलिस अन्तर्गत कन्हैया टाकिज की पैतृक सम्पत्ति, (जो अंश मृतक के दादा स्व0 राजाराम की थी) को स्व0 राजाराम की दूसरी पत्नी स्व0 शान्ति देवी की पुत्रियो प्रीती, गीता पाल, उमा पाल, निशा पाल, वीणा पाल द्वारा फर्जी तरीके से वरासतन अपना नाम दर्ज कराकर कम कीमत पर भानू जायसवाल को बेच दिया गया था। उक्त जमीन पर भानू जायसवाल कब्जा दाखिल होना चाह रहे थे जिसका विरोध बार बार मृतक रोहितास पाल उर्फ रोमी द्वारा किया जा रहा था तथा रोहितास द्वारा भानू जायसवाल के बैनामे को कैन्सिलेशन हेतु न्यायालय में मुकदमा किया गया था जिसका मुकदमा नम्बर 553/23 है। काफी प्रयास के बाद जब कब्जा नहीं मिला तो भानू जायसवाल द्वारा मुगलसराय के स्थानीय व्यक्ति ओमप्रकाश जायसवाल व मनोज जायसवाल से सम्पर्क किये तथा उनके द्वारा भी मृतक रोहितास पाल को डराकर धमकाकर कब्जे का प्रयास किया गया किन्तु मृतक रोहितास पाल द्वारा बार बार विरोध किया जाता था। जिसके बाद अभियुक्तों द्वारा रोहितास पाल को रास्ते से हटाने की योजना बनायी गयी।

अभियुक्तों का नाम व पता-

1.ओम प्रकाश जायसवाल पुत्र स्व0 मानिक चन्द जायसवाल निवासी म0न0 418 लाट न0-02 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

2.मनोज कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 विषेश्वर प्रसाद निवासी गल्ला मण्डी चौराहा मकान 46 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

3.भानू जायसवाल पुत्र स्व0 जय नारायण जायसवाल निवासी बाजार जजीद नदेसर दीप अपार्टमेंट फ्लैट न0-01 थाना कैण्ट वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का अपराधिक इतिहास-

1-ओम प्रकाश जायसवाल पुत्र स्व0 मानिक चन्द जायसवाल निवासी म0न0 418 लाट न0-02 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

मु0अ0स0-569/2025 धारा-103(1), 61(2)(a) भारतीय न्याय संहिता 2023

2-मनोज कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 विषेश्वर प्रसाद निवासी गल्ला मण्डी चौराहा मकान 46 थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली

मु0अ0स0-569/2025 धारा-103(1), 61(2)(a) भारतीय न्याय संहिता 2023

3-भानू जायसवाल पुत्र स्व0 जय नारायण जायसवाल निवासी बाजार जजीद नदेसर दीप अपार्टमेंट फ्लैट न0-01 थाना कैण्ट वाराणसी

1.मु0अ0सं0 21/2021 धारा 406/420/504/506 भादवि थाना रोहनिया जनपद वाराणसी

2.मु0अ0सं0 15/2017 धारा 384 भादवि थाना आदमपुर जनपद वाराणसी

3.मु0अ0सं0 47/2020 धारा 60/63 आबकारी अधि0 थाना सैयदराजा जनपद चन्दौली

4.मु0अ0स0-569/2025 धारा-103(1), 61(2)(a) भारतीय न्याय संहिता 2023

घटना के अनावरण में सम्मलित पुलिस टीम का विवरण-

प्रभारी निरीक्षक गगन राज सिंह थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

उ0नि0 आशीष मिश्रा (SOG) प्रभारी स्वाट मय टीम जनपद चन्दौली

अपराध निरीक्षक चन्द्रकेश शर्मा थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली।

उ0नि0 अजय कुमार चौकी प्रभारी रेलवे कालोनी थाना मुगलसराय चन्दौली।

उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी चौकी प्रभारी कस्बा मुगलसराय चन्दौली।

उ0नि0 अभिषेक शुक्ला चौकी प्रभारी जलीलपुर थाना मुगलसराय चन्दौली

हे0का0 सहजानन्द चौधरी थाना मुगलसराय चन्दौली

का0 मोहन सैनी थाना मुगलसराय चन्दौली